दिनांक : 18.03.2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने 'भव्या' योजना को दी मंजूरी। 33 हजार 660 करोड़ रुपये के बजट से देशभर में बनेंगे 100 अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क।

- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरदा में किसान सम्मेलन को किया संबोधित, 200 करोड़ रुपये के 36 विकास कार्यों का किया लोकार्पण।

- इंदौर में इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आठ की मौत ।

- कल से चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष की शुरुआत, राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दी गुड़ी पड़वा और भारतीय नव वर्ष की बधाई ।

अब समाचार विस्तार से:–

**केंद्रीय मंत्रिमंडल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट ने कई बड़े फैसले लिए हैं. सरकार ने 'भारत औद्योगिक विकास योजना' यानी 'भव्य' को हरी झंडी दिखाई है. इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सरकार ने 33 हजार 660 करोड़ रुपये का बजट तय किया है. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा-

मुख्यमंत्री - **हरदा और भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हरदा के नेहरू स्टेडियम में किसान सम्मेलन को संबोधित किया। कृषि आधारित कौशल विकास और कस्टम हायरिंग पर केंद्रित इस सम्मेलन में उन्होंने करीब 200 करोड़ रुपये के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण और 5 नए कार्यों का भूमि पूजन भी किया।

इसके अलावा भोपाल के जहांगीराबाद स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम 2026 का समापन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि भी डॉ. यादव रहे। इस समागम में स्वयंसेवकों ने आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न डेमो प्रस्तुत किए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में कल से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में शिप्रा नदी के तट से इस अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे। यह 100 दिवसीय अभियान गंगा दशमी यानी 30 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश भर में नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों की सफाई और जीर्णोद्धार के साथ ही 10 हजार से अधिक चेक डैम और स्टॉप डैम का संधारण किया जाएगा। अभियान के तहत ढाई हजार करोड़ रुपये के जल संरक्षण कार्य किए जाने का लक्ष्य है।

**राज्यपाल- बधाई**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को गुड़ी पड़वा और भारतीय नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि के साथ शुरू होने वाला हमारा नव वर्ष प्रकृति के नव-श्रृंगार और भारत की गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक है। कल से हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नए साल का आगाज होता है।

**इंदौर - आगजनी**

इंदौर के तिलक नगर इलाके में आज सुबह एक हादसे में आठ लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बंगाली चौराहे के पास चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक कार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग देखते ही देखते रबर कारोबारी मनोज पुगलिया के तीन मंजिला मकान में फैल गई, । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

**राज्यसभा- दिग्विजय**

राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को आज सदन में विदाई दी गई। इनमें प्रदेश से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह भी शामिल हैं। विदाई भाषण में दिग्विजय सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बात दोहराई और कहा कि वे न थके हैं और न रिटायर हुए हैं, आगे भी काम जारी रहेगा।

**सिंधिया-** 6जी

नई दिल्ली में 6जी मानकीकरण पर आज एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसे संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत 6जी मोबाइल नेटवर्क के लिए मानक तय करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में डेटा की लागत 97 प्रतिशत तक घट गई है। साथ ही कहा कि एक महीने में 20 अरब से अधिक डिजिटल लेनदेन के साथ भारत अब दुनिया में डिजिटल लेनदेन में अग्रणी देश बन गया है।

**वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन**

पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को 20 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का आह्वान किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा कि यह कदम एलपीजी से पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी की दिशा में बढ़ने में सहायक होगा।

**भारतीय जहाज 'जग लडाकी'**

भारतीय मालवाहक जहाज 'जग लडाकी' संयुक्त अरब अमीरात से लगभग 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आज सुबह गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा। इससे पहले 'शिवालिक' और 'नंदादेवी' जहाज भी मुंद्रा और वडीनार बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। बंदरगाह पर तेल को रिफाइनरियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

## सूर्य उपासना कार्यक्रम

प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग ने कल नए विक्रम संवत् 2083 के स्वागत में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सुबह 10 बजे होने वाले इस आयोजन में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर ब्रहमध्वज स्थापित किया जाएगा। जिला धार में यह कार्यक्रम पीजी कॉलेज सभागृह में होगा, जहाँ भोपाल के मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा "सम्राट विक्रमादित्य" नाटक का मंचन भी किया जाएगा। बैतूल,मंदसौर,खंडवा,झाबुआ सहित अन्य जिलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह

प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के तहत इस साल सामूहिक विवाह समारोहों की तारीखें तय कर दी हैं। अक्षय तृतीया यानी 19 अप्रैल, देवउठनी ग्यारस 20 नवंबर और बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 को प्रदेश के सभी 55 जिलों में ये आयोजन होंगे। इस साल 44 हजार से ज़्यादा जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर सरकार 242 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी। योजना में हर विवाह पर 49 हजार रुपए सीधे कन्या के बैंक खाते में दिए जाते हैं।

## मौसम

पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद अब मैदानी इलाकों में भी बारिश शुरू हो गई है। प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में बारिश का दौर शुरू हो चुका है और बालाघाट में बीते 24 घंटों में एक इंच बारिश दर्ज की गई। नवरात्र की शुरुआत कई इलाकों में झमाझम बारिश के साथ होने जा रही है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में भी मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय पांच मौसम प्रणालियां एक साथ सक्रिय हैं, जिनमें चक्रवाती सिस्टम, ट्रफ और पश्चिमी विक्षोभ शामिल हैं।

## समाचार संक्षेप में :-

- अनूपपुर जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए आज शिविर आयोजित किया गया।

- आगरमालवा में जिला आयुश विभाग द्वारा विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शहडोल में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से अब तक 150 किलोमीटर पीएनजी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है।
- खंडवा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- कटनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के लिये जिला पंचायत सीईओ ने आज जिल की ग्राम पंचायतों में निर्मित जल संरचनाओं का निरीक्षण किया।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर ने संपूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र को आगामी आदेश तक जल अभावग्रस्त घोषित करते हुए ।
- राजगढ़ के ब्लॉक जीरापुर अंतर्गत ग्राम मुर्झाहेड़ी पंचायत मीनागांव में आज जल महोत्सव का आयोजन किया गया ।

............................